# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

–:: कार्यालय आदेश ::–

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/ मा/संस्था /सी–3/भौगकृ /गणित/ नियुक्ति/आरपीएससी–2018/पदस्थापन/2020–21 दिनांक 18.03.2021 द्वारा अभ्यर्थी प्रियंका को 2 वर्ष के लिए परीवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रूप में व्या0–गणित के पद पर नियुक्ति प्रदान कर राउमावि जीताला (219305), सीकर पदस्थापित किया गया था।

उक्त नियुक्ति के पश्चात् कार्मिक द्वारा राज0 सिविल सेवा अपील अधिकरण, चलपीठ जोधपुर में सिविल अपील संख्या 631/2022 दायर की गई व कथन किया कि उसकी प्रथम नियुक्ति विधवा कोटे से व्या0 गणित के पद पर हुई थी। साथ ही अपीलार्थी ने कहा कि मेरा परिवार घरसाना, बुहाना, झुंझनु में रहता है, तथा निवास स्थान के नजदीकी स्थान पर पदस्थापन किये जाने का अनुरोध किया। प्रार्थिया का तर्क है कि उसके दो छोटे बच्चे हैं जिनकी देखभाल करने वाला प्रार्थिया के अलावा कोई नहीं है, अतः प्रार्थिया ने अभ्यावेदन प्रस्तुत कर झुंझनुं में पदस्थापन किये जाने की परिवेदना प्रस्तुत की है।

अपीलार्थी के अभ्यावेदन का राज्य सरकार एवं विभाग के दिशा–निर्देशों/नियमों/परिपत्रों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण किया गया एवं उनसे सम्बन्धित अभिलेखों का अवलोकन किया गया। विभाग द्वारा अपीलार्थी का नियुक्ति उपरांत पदस्थापन काउंसलिंग द्वारा नियमानुसार वर्गानुसार (विधवा श्रेणी) की प्राथमिकता का लाभ देते हुए वर्तमान स्थान पर किया गया था। अतः विधवा श्रेणी का लाभ अपीलार्थी को पूर्व में पदस्थापन के समय दिया जा चुका है।

अतः प्रार्थिया का नियुक्ति उपरांत पदस्थापन काउंसलिंग द्वारा नियमानुसार वर्गानुसार (विधवा श्रेणी) की प्राथमिकता का लाभ देते हुए वर्तमान स्थान पर किया जाने व प्रार्थिया की मांग विभागीय नियमानुसार सही नहीं होने के कारण एतद् द्वारा अपीलार्थी का अभ्यावेदन खारिज कर निस्तारित किया जाता है। सभी संबंधित पक्षकार सूचित हो।

(काना राम)
आई.ए.एस
निदेशक
माध्यमिक शिक्षाराजस्थान,
बीकानेर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

क्रमांकः–शिविरा–मा/संस्था/सी–3/भौगकृ/अपील संख्या 631/2022 /प्रियंका दिनांक– 18/07/2023
प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:–

01.विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री महोदय, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा राजस्थान सरकार,जयपुर।
02.विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री महोदया, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान सरकार जयपुर।
03.निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
04.संबंधित संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
05.संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी।
06.संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक।
07.संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
08.जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) माध्यमिक, जोधपुर।
09.सहायक निदेशक, विधि अनुभाग कार्यालय हाजा।
10.सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड हेतु।
11.संबंधित संस्थाप्रधान/कार्मिक को पालनार्थ।
12. निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षाराजस्थान
बीकानेर

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation : Director
Date: 2023.07.14 10:16:04 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 3403198